हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.7 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री


नेहरू चौक तहसील के पास बेतरतीब खड़े ऑटो



### कोनी में निगम ने चलाया बुलडोजर

# कलेक्टर- कमिश्नर भ्रमण पर निकले तो दिखी 5 एकड़ पर अवैध प्लाटिंग





## अवैध निर्माण पर दो को नोटिस

इसी तरह व्यापार विहार में प्लेनेटेरियम के पास नियम विरूद्ध भवन निर्माण पर कैलाश माधवानी और व्यापार में ही बी 9 की भूमि में अनुमति विपरीत निर्माण पर आशीष अग्रवाल, अमर अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है।



**बिलासपुर।** नगर निगम ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने निकलें कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कोनी में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और जोन 8 की टीम ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए तैयार किए गए मार्ग को तोड़ा और लगाए गए पोल को हटाया।

- निगम ने दो जगहों पर रास्ता,बाउंड्रीवाल और पोल को उखाड़ा

कोनी में खसरा नंबर 235 पर भूमि स्वामी केशव पाण्डेय, वीणा, अभिषेक और अंकित पाण्डेय द्वारा लगभग दो एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह गुड़ाखू फैक्ट्री के सामने और कंचन विहार के पीछे खसरा नंबर 191/1,191/6 191/2,191/5,191/3 और 191/4 में धीरेन्द्र पाण्डेय की जमीन पर स्वयंराज बिल्डर द्वारा तीन एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर इन दोनों भूमि पर कार्रवाई की गई। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि आगे भी अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## जांच में लापरवाही एसआई लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने मुंगेली में युवक के खुदकुशी के मामले में मृतक की रिपोर्ट पर जांच में लापरवाही बरतने वाले कोतवाली थाना के विवेचक एसआई को लाइन अटैच कर दिया है।

चिंगराजपारा में किराए के मकान में रहने वाला मुंगेली बरमार निवासी नरेश साहू पिता सुशील साहू का 30 दिसंबर की रात खपरगंज निवासी सोहेल खान के साथ गाड़ी में भिड़ंत हो गई थी। सोहेल खान ने हिन्दु संगठनों के साथ काम करने के नाम पर जमकर मारपीट कर दिया गया था। नरेश साहू ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपराध कायम कर खानापूर्ति कर ली और आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। 2 जनवरी को नरेश साहू ने सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर हिंदू संगठनों के लोगों से न्याय की मांग की। उसने पुलिस भी बयान बदलने का दबाव बनाने की बात कही और अन्य लोगों के द्वारा धमकी मिलने की बात कही है। वीडियो वायरल करने के बाद नरेश साहू ने मुंगेली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हिंदू संगठन के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कोतवाली थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था। उसके बाद आरोपी सोहेल खान को गिरफ्तार किया गया था। 3 जनवरी को एसएसपी रजनेश सिंह ने मृतक के द्वारा कोतवाली थाने में लिखाई गई रिपोर्ट की जांच में लापरवाही बरतने व त्वरित आरोपी की गिरफ्तारी नहीं करने पर विवेचक एसआई गणेश राम महिलांगे को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं मामले की जांच का जिम्मा सीएसपी गगन कुमार को सौंपा गया है।

# रांग साइड जाकर पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

अस्पताल में भर्ती घायल







## बेलगहना रोड पर भीषण हादसा

### नए साल में घूमने जा रहे थे अमरकंटक




**बिलासपुर।** नए साल में रायपुर से अमरकंटक घूमने जा रहे लोगों की तेज रफ्तार कार रांग साइड में जाकर पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टकराते ही पेड़ फट गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और तीन घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, रायपुर खम्हारडीह कचना निवासी रामकुमार धीवर पिता सुखचंद धीवर 45 साल, सुखसागर मानिकपुरी पिता मयादास मानिकपुरी 39 साल आरंग खरोरा रायपुर, अमित चंद्रवंशी पिता अयोध्या चंद्रवंशी 37 साल दलदल सिवनी मोवा रायपुर, राजकुमार साहू रायपुर, चालक निलेश्वर धीवर पिता चैतराम धीवर 38 साल दलदल सिवनी मोवा रायपुर निवासी 2 जनवरी 2026 की रात कार क्रमांक सीजी 04 क्यूजे, 2152 में नया साल में अमरकंटक घूमने जाने के लिए निकले थे। 3 जनवरी 2026 की सुबह 9.30 बजे बेलगहना रोड ग्राम भस्को के पास उनकी तेज रफ्तार कार रांग साइड में जाकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके टकराने से पेड़ फट गया और कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार सभी लोग अंदर फंस गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को कार से बाहर निकाला गया। हादसे में रामकुमार धीवर की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को तत्काल इलाज के लिए कोटा अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में गंभीर रूप से घायल राजकुमार साहू की मौत हो गई। अस्पताल पहुंचते ही डाक्टर ने परिक्षण के बाद राजकुमार साहू को मृत घोषित कर दिया है। वहीं अन्य तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण एक बार फिर मौसम बदल रहा

# बादलों ने रोकी ठंड की रफ्तार, घने कोहरे का अलर्ट

**बिलासपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण एक बार फिर मौसम बदल रहा है। आसमान पर अचानक बादल छाने लगे है, जिसके प्रभाव के चलते सर्द हवाओं का असर कम हो चुका है। सर्द हवाओं के रूकते ही न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री की बढ़त हो चुकी है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ घना कोहरा छाने की आशंका बनी हुई।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ देश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में सक्रिय है। यह समुद्र तल से करीब 3.1 किमी ऊपर ऊपरी हवा के चक्रवात के रूप में बना हुआ है, जिसके साथ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में द्रोणिका बन चुकी है। सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश के कुछ इलाकों में मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग हल्की से हल्की बारिश की आशंका जताई है। खास बात यह है कि दो दिनों में ही मौसम ने करवट बदल ली है, जहां गुरूवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री रहा, वहीं शनिवार को यह तापमान 15.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कुछ खास असर नहीं पड़ा है लेकिन आसमान में बदली छाने के कारण सर्द हवाएं रूक सी गई है,ऐसे में लोगों को ठंड से राहत मिल रही है।

### ठंड के लिए 4 से 5 दिनों का इंतजार

बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव का असर अगले 4 से 5 दिनों तक रह सकता है, इस दौरान आसमान पर बादल छाए रहेंगें और ठंड का असर कम होगा हालांकि बुजुर्ग और बच्चों को बदली के कारण सर्दी खांसी के लक्षण दिखाई दे सकते है। डाक्टरों के अनुसार ऐसे मौसम में खान-पान पर परहेज रख कर बीमारियों से बचा जा सकता है।

### आग तापते दंपती झुलसे

घर में सुबह आग तापते दंपत्ति झुलस गए है। घटना उस समय हुई जब पत्नी घर में सुबह खाना बना रही थी, इस दौरान पति चूल्हे के पास आग तापने बैठा रहा, पत्नी की साड़ी में लगी आग इस कदर भड़क उठी की दोनों की बुरी तरह से झुलस गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। घटना तखतपुर के भरनी परसदा की है। भरनी की रहने वाली सुशीला वस्त्रकार सुबह 7 बजे खाना बना रही थी, इस दौरान उसकी साड़ी में आग पकड़ने के कारण बुरी तरह से झुलस गई। पास में आग ताप रहे पति ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी तेज थी कि पति राजेन्द्र वस्त्रकार के दोनों हाथ झुलस गए। आनन फानन में आसपास के लोगों ने जैसे तैसे उन्हें बताया और सिम्स में भर्ती किया है,जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे में झुलसी सुशीला वस्त्रकार की हालत नाजुक है।



# प्रयास GROUP OF INSTITUTIONS

आपका प्रयास ही आपकी सफलता का श्रेष्ठ मार्ग है...

PRAYAS — Excellence, Temperament, The Success, Dedication — विद्या ददाति विनयम् — ESTD. 2016

ISO 9001:2015 CERTIFIED

## स्कूल, कोचिंग व कालेज में छत्तीसगढ़ के कोने- कोने से छात्र ले रहे प्रवेश

प्रयास एकेडमी व पब्लिक स्कूल में प्रदेश के कोने कोने से छात्र प्रवेश ले रहे है, वजह है कम फीस में बेहतर परिणाम। मात्र **1,20,000/-** स्कूल, हॉस्टल, कोचिंग व कालेज की सुविधा अभिभावकों को आकर्षित कर रही है। कोचिंग में राजस्थान, कोटा, व दिल्ली की फेकल्टी छात्र-छात्राओं को पढ़ा रही है। यहां गणित विज्ञान, विज्ञान, कामर्स व आर्टस सभी विषय में प्रवेश उपलब्ध है। प्रयास एकेडमी छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही कारगर साबित हो रहा है। यहां की शिक्षा प्रणाली की वजह से छात्र सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्रयास अकैडमी कम फीस में बेहतर शिक्षा देने वाली छत्तीसगढ़ की पहली संस्था है। यदि कोई छात्र तय कर ले और आर्थिक अभाव हो तो भी प्रयास एकेडमी उसके सपनों को पूरा करने के लिए तैयार है। यही कारण है कि प्रयास एकेडमी से अब तक 265 डॉक्टर, 350 इंजीनियर, 157 से अधिक प्रशासनिक अधिकारी बने है व 200 से अधिक छात्र सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई कर रहे हैं।

### सफलता के सूत्रधार



**डॉ. सचिन यादव**
चेयरमेन
प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन

प्रयास ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस एक प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थान है, जो उत्कृष्ट शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। डा. सचिन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में यह समूह छत्तीसगढ़ में हज़ारों विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहा है। प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एक सुस्थापित शैक्षणिक संस्था है जो अकादमिक उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उनके गतिशील और प्रगतिशील नेतृत्व में, प्रयास ग्रुप के द्वारा सीबीएसई स्कूल, सीजी बोर्ड स्कूल, एक डिग्री कॉलेज, बी.एड. कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज और व्यावसायिक कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों का सफलतापूर्वक संचालन करता है। उन्होंने बताया कि जबसे हमने प्रयास एकेडमी की नींव रखी तब से ही हमारा उद्देश्य था कि शिक्षा जो संस्कारयुक्त हो, जिसमें आधुनिकता का समावेश हो, जो एक ऐसे चरित्र का निर्माण करें जो आपके आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन सके। वह ही वास्तविक शिक्षा है।

### प्रयास एकेडमी बिलासपुर

यहां की पढ़ाई बहुत अच्छी होने के कारण प्रतिवर्ष यहां के छात्र-छात्राएं आईआईटी नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं पिछले वर्ष सौम्या राय ने नीट परीक्षा में 620 अंक **शाहिद अहमद** 571 **वंदना यादव** 568 अंक के साथ 20 अन्य छात्रों ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया। आईआईटी जेईई में सिलेक्ट होने वाले छात्र **शुभम लालवानी** (आईआईटी मुंबई), **आयुष यादव** (आईआईटी मुंबई), **शिवांग त्रिपाठी** (आईआईटी कानपुर), व **हिमांशु उपाध्याय** आईआईटी दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया। जो कि प्रयास संस्था के लिए गर्व की बात है।

### विजन

"गुणवत्तापूर्ण, मूल्य-आधारित एवं समावेशी शिक्षा के माध्यम से जिम्मेदार नागरिक, सक्षम पेशेवर और भावी नेतृत्व तैयार करना।" प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखते हुए, चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

### मिशन

- उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता प्रदान करना, जिससे विद्यार्थी अकादमिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम बनें।
- संस्कार और नैतिक मूल्यों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना।
- आधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लास और नवाचार के माध्यम से रुचिकर एवं प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करना।
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना।
- प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत प्रतिभा और क्षमता को पहचानकर उसे निखारना।
- सतत मूल्यांकन, प्रशिक्षण और सुधार के माध्यम से शैक्षणिक उत्कृष्टता बनाए रखना।
- समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाते हुए संवेदनशील और जागरूक नागरिक तैयार करना।

### विद्यालय की विशेषताएं

विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। संस्थान में 700 से अधिक छात्र-छात्राओं की कैपेसिटी वाला भव्य ऑडिटोरियम है। प्रत्येक शनिवार मोटिवेशनल सेमिनार व एक्टिविटी कराई जाती है। सुविधाओं की बात करें तो छात्र-छात्राओं को स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा है एवं शहर के किसी भी कोने से स्कूल आने के लिए बस सुविधा प्रदान की जाती है।

### स्कॉलरशिप प्रोग्राम

हमनें बनाया है, हम ही संवारेंगे के तहत स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में करती है। ताकि ग्रामीण परिवेश के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित न हो। जिसमें उत्तीर्ण प्रथम 210 छात्रा - छात्राओं को प्रयास अकादमी निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। जिससे निचले व सामान्य स्तर के बच्चों को शिक्षा के उच्चतम शिखर तक पहुंचने में मदद मिल रही है। पंजीयन हेतु संपर्क करें: **9406038102**

### घर से दूर घर जैसा हॉस्टल

प्रयास पब्लिक स्कूल व प्रयास एकेडमी में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल की सुविधा है। जहां बच्चों को खुला लेकिन अनुशासित माहौल मिलता है। जिसमें उनमें सामाजिकता और अपनेपन की भावना विकसित होती है और साथ ही उनमें एक ऐसे व्यक्तित्व का भी निर्माण होता है, जो अपनी क्षमताओं का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सके और आने वाले समय की चुनौतियों का पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना भी कर सके।

### मेडिकल सुविधा

स्वस्थ तन और स्वस्थ मन में ही शिक्षा का संचार संभव है, इसलिए स्कूल परिसर में 24x7 मेडिकल केयर टीम सक्रिय रूप से कार्य करते है।

### प्राचार्य संदेश



**डॉ. पद्माकर**
प्राचार्य
प्रयास पब्लिक स्कूल

प्रयास पब्लिक स्कूल उत्कृष्ठता के उच्च मानक के लिए समर्पित है जहां हम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करते है। प्रयास पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति के अनुसार अध्ययन होता है यहां के शिक्षक योग्य, अनुभवी है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करते है।



**डॉ. अनिता सिंह**
प्राचार्य, महाराणा प्रताप महाविद्यालय

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) से सम्बध महाराणा प्रताप महाविद्यालय उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित महाविद्यालय है। यहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 आधारित शैक्षणिक सत्र संचालित है। यह छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।



**डॉ. दिनेश जैन**
प्राचार्य, शुभम शिक्षण महाविद्यालय

शुभम शिक्षण महाविद्यालय का उद्देश्य है - कि छात्रों को ऐसी शिक्षा दी जाए कि वे अपने शिक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माता, चरित्र निर्माता और भविष्य के शिल्पकार हैं। एक शिक्षक की प्रेरणा, उसकी सोच और उसका आचरण एक विद्यार्थी के पूरे जीवन की दिशा तय कर सकता है। हम इसे गुणवत्तायुक्त शिक्षक तैयार करते हैं।

## ADMISSIONS OPEN

Unlock Your Dream with PRAYAS

Session 2026-27
Apply Now

- IIT - JEE
- NEET
- CA FOUNDATION
- CLAT
- UPSC/ CGPSC

From Play Group to Class 12th
CBSE Curriculum

STREAM OFFERED
SCIENCE | COMMERCE | ARTS



SCHOOL + HOSTEL + COACHING
1ST TIME IN CHATTISGARH
1,20,000/- per year
100 SEAT

MANAGEMENT KOTA
90,000/- per year
40 SEAT

प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 10/01/2026

ADMISSION OPEN 2026-27
प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी

- FULL AC CLASSROOMS
- WEEKLY TEST SERIES
- SMART CLASSROOMS
- TRANSPORT FACILITY

**JAY BHARAT ENGLISH MEDIUM SCHOOL**
CBSE Affiliation No. 3330274
CLASS NURSERY TO 12TH
MATHS | BIO | COMMERCE
UNDER ONE ROOF, ONE GUIDANCE AT JBEMS, BALODA
Bharti Vihar- Baloda, Bilaspur (C.G.)

**प्रयास PUBLIC SCHOOL**
DAY CUM BOARDING SCHOOL — Affiliation No. 312285
From Play Group to Class 12th CBSE Curriculum
Smart Classroom | Transport Facility
Hostel Facility Available | Full AC Class Room
Stream Offer Science Commerce & Arts
Rajkishore Nagar, Beside of Hariamrit, Mopka Road, Bilaspur (C.G.)

**महाराणा प्रताप महाविद्यालय**
अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध — College Code - 257
Admission Open : 2026-27
Courses Offered
B.A./B.C.A./B.Com/D.C.A./B.Sc./PGDCA
अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर (छ.ग.)

**SHUBHAM COLLEGE OF EDUCATION**
Admission Open : 2026-27
B.ed Courses
शुभम विहार, बिलासपुर (छ.ग.)

**MAHARISHI ARVIND English Medium School**
Smart Classroom
Transport Facility
Full AC Class Room
Pondi Seepat, Bilaspur (C.G.)

आपका प्रयास ही आपकी सफलता का श्रेष्ठ मार्ग है...
**प्रयास ACADEMY**
Admission Open
Foundation 6th to 12th
D. Pharma | B. Pharma | B.B.A. | M.B.A. | D.C.A. | P.G.D.C.A. | B.A. LLB. | B.Com. LLB. | B.Sc. Nursing
School + College + Coaching + Hostel
Rajkishore Nagar, Beside of Hariamrit, Mopka Road, Bilaspur (C.G.)

हेड ऑफिस : राजकिशोर नगर, मोपका रोड, प्रयास एकेडमी बिल्डिंग, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.: 8103718666, 9406038102

## खबर संक्षेप

### डा. मानिकपुरी छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**बिलासपुर।** डॉ. एमडी मानिकपुरी को समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। समाजसेवी विवेकानंद नगर मोपका ग्रुप ऑफ न्यू



महाराणा आई टी आई के चेयर मैन डॉ एमडी मानिकपुरी को डॉ डीएस टांडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी महाराष्ट्र अनुशंसा एवं डॉ सुरेश ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर डॉ मानिकपुरी को छग का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके सेवा कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग, डॉक्टरेट की मानद उपाधि, इंफ्लूएंस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इत्यादि स्थानों से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर उन्हें समाज के लोगों ने शुभकमानाएं प्रेषित की है।

### चैतन्य की रिहाई पर रायपुर पहुंचे शहर के कांग्रेस नेता



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट से जमानत मिलने के पश्चात चैतन्य बघेल की रायपुर जेल से रिहाई के समय कांग्रेस के विधायक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे।
इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के साथ जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, महेश दुबे, रामशरण यादव, शेख नजरु द्दीन, अरविंद शुक्ला शामिल रहे। विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह न्याय की जीत है और और यह स्पष्ट हुआ की सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को परेशान करने का कार्य कर रही हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने चैतन्य बघेल से भिलाई निवास पहुंच कर मुलाकात की।

### अभा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव बनी शहर की उमा

**बिलासपुर।** दिल्ली में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस में शहर की उमा सोनी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिला है। जिससे स्वर्णकार समाज भारी उत्साहित हैं। राजनीति में



इनका बहुत ही लंबा अनुभव और संघर्ष ने उन्हें यह स्थान दिलाया है। उमा सोनी 1999 के बिल्हा पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत सदस्य की चुनाव जीत चुकी है। संगठन में 2005 से 2010 तक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद का कमान भी बखुबी निभाई चुकी है। शराब भट्टी का आंदोलन का नेतृत्व भी असंख्य महिलाओं के साथ किया था, राजनीति के पहले एक अच्छे समाज सेवी, पर्यावरण और जनहित कार्य निरंतर करती रही है । पूर्व में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की टीम में रही है। वे वर्तमान में हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी है।

### आकाशवाणी से कामना पांडेय की कहानी का प्रसारण आज

**बिलासपुर।** रविवार 4 जनवरी को आकाशवाणी बिलासपुर से सुबह 10 बजे आओ बच्चों में कामना पांडेय की कहानी "संकल्प" का प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले भी कामना की बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी कई कहानियों आकाशवाणी बिलासपुर से प्रसारित हो चुकी है।

## राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में रंगरोगन भी नहीं हो सका

# शौचालय गंदे, खिड़की दरवाजे टूटे मैदान और पवेलियन का काम अधूरा



शौचालय का टूटा टाइल्स।



खिड़की का टूटा कांच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने की जगह ही नहीं मिल रही है। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को डेढ़ साल से बंद करते हुए मरम्मत का काम किया जा रहा है और खिलाड़ी इंतजार में है। सितंबर 2024 में जब इसकी मरम्मत शुरू की गई थी तो 3 महीने में काम पूरा करने कहा गया था। इसके बाद फिर समय बढ़ाते हुए जनवरी 2025 में काम पूरा और खिलाड़ियों के लिए इसे उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन उसके बाद से 12 महीने और बीत गए हैं और काम अधूरा पड़ा है। अब कहा जा रहा है कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और जल्द स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। हालांकि मैदान का जायजा लेने पर पता चला कि अभी आधा काम भी नहीं हुआ है। शौचालय गंदे, खिड़की दरवाजे टूटे हैं। रंगरोगन का अधूरा पड़ा है तो पवेलियन का काम भी पूरा नहीं हो सका है। इसी बीच स्टेडियम में मिट्टी भरने और दूसरे कामों पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं।

राजा रघुराज सिंह स्टेडियम का कायाकल्प किया जा रहा है। इसके साथ ही अधोसंरचना विकास पर भी राशि खर्च हो रही है। इसमें पेन्टिंग कार्य भी शामिल हैं। इसके साथ ही रघुराज स्टेडियम के पाप अप मैदान रिपेयर, पेवेलियन निर्माण, पिच निर्माण हेतु सक्षम रोलर खरीदी में यह राशि खर्च की जा रही है। इसके साथ ही स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानक का खेल मैदान बनाने के साथ जिम का नवीनीकरण, एलईडी स्क्रीन और साउंड बाक्स, न्यू बैडमिंटन कोर्ट, स्टेडियम के नाली की पर्याप्त साफ सफाई, दर्शक दीर्घा का निर्माण किया जा रहा है।



राजा रघुराज सिंह स्टेडियम मैदान का काम अधूरा।

**बड़ी होगी दोनों साइड की बाउंड्री:** मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया जा रहा है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली जा रही है। इसके साथ ही मैदान को बड़ा किया जा रहा है। सामने और पीछे की बाउंड्री 65-65 मीटर की तो आन और आफ की बांउड्री 60-60 मीटर की है। उसके बाद भी स्टेडिमय में जगह बचेगी जहां दर्शक दीर्घा रहेगी।

### सभी काम पूरे हो गए

सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और जल्द ही स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे।

**- अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी

### स्टेडियम में फिलहाल खामियां

- मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों से समस्या
- जिम का प्रमुख प्रवेश दरवाजा हमेशा बंद रहता है
- स्टेडियम की छत कई जगह से जर्जर है
- मैदान में पर्याप्त घास नहीं है, शौचालय में गंदगी
- बैडमिंटन कोर्ट खस्ताहाल है टाइल्स तक टूट रहें हैं
- जिम में रखे समान कंडम हो रहे, मशीनें भी चालू नहीं है
- खिलाड़ियों के रुकने व मेडिकल की सुविधा तक नहीं

### स्थापना को हो गए हैं 50 साल

ज्ञात हो कि राजा रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना को लगभग 50 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। स्टेडियम ने 1978, 1979 और 1981 में विदर्भ क्रिकेट टीम के खिलाफ मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और रेलवे क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन रणजी मैचों की मेजबानी भी कर चुका है। इसके अलावा यहां कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। टी-20 से लेकर कई आयोजन हुए। हालांकि विगत पांच वर्षों में कोई प्रतियोगिता या ट्राफी नहीं हुई है। नवंबर 1978 में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पहली बार बिलासपुर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन को रणजी ट्राफी मैच कराने की जिम्मेदारी दी थी। उस समय संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल थे।

# डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की टैलेंट सर्च परीक्षा आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा 4 जनवरी को टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा दसवीं तथा कक्षा बारहवीं (सभी विषयों) के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है।

■ 14 जिलों में 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में कुल 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ लगभग 19 हजार विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यह टैलेंट सर्च परीक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ उनकी तार्किक समझ और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता को परखने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा यह परीक्षा 15 वर्षों से आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रकृति, प्रश्न-पद्धति और तैयारी की दिशा से अवगत कराना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर रणनीति के साथ आगे बढ़ सकें। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। कक्षा 12वीं (सभी विषयों) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को 5 हजार, 3 हजार और 1 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, कई विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन केवल पुरस्कार वितरण के लिए नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्ममूल्यांकन का अवसर देने के लिए किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में वाकाथन और एरोबिक्स आज

**बिलासपुर।** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के विभिन्न सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के क्रम में वाकाथन एवं एरोबिक्स का आयोजन यातायात जिला पुलिस के तत्वावधान में 4 जनवरी को सुबह 7 बजे पुलिस ग्राउंड पुलिस मैदान में किया जा रहा है। यातायात जिला पुलिस बिलासपुर के अनुसार उक्त आयोजन में नागरिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, व्यापारिक एवं आद्योगिक संगठनों, समाजसेवी संगठनों, शैक्षणिक संगठनों, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठनों, यातायात सुरक्षा से जुड़े हुए संगठनों, महिलाओं, बच्चो एवं दिव्यांगों के सेवा से जुड़े संगठनों, राष्ट्र और देश सेवा से जुड़े हुए संगठनों एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, पुलिस कैडेड कोर, नगर स्वच्छता, पर्यावरणीय एवं पौधरोपण को समर्पित संस्थाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं नागरिक सेवा से जुड़े हुए संगठनों, आपात सेवा एवं नगर सेवा, होम गार्ड से जुड़े हुए सेवा प्रदाता संगठनों आदि सहित विविध संगठनों से इस आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## तेलुगू संयुक्त समाज का चांपी जलाशय पिकनिक आज

**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 4 जनवरी को नूतन वर्ष पर चांपी जलाशय में समाज का पिकनिक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए अभी तक समाज के 500 लोगों ने अपना नाम दर्ज कराया है। समाज के कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना ने बताया कि पिकनिक स्थल के लिए सुबह 7 बजे रामलीला मैदान, रेल्वे बंगाली स्कूल चौक से बस निकलेगी। रामलीला मैदान में पिकनिक के लिए अपनी अपनी गाड़ियों में पहुंचे वाहनों की देखरेख के लिए सिक्योरिटी गार्ड का इंतजाम किया जाएगा। खेलकूद में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित होंगे।







## कंपनी गार्डन ग्रुप ने किया योग प्रशिक्षकों का सम्मान, नव वर्ष कैलेंडर का वितरण



**बिलासपुर।** कंपनी गार्डन ग्रुप द्वारा योग प्रशिक्षक फहीम मंसूरी एवं राम बिहारी परिहार को योग के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए उनका सम्मान किया गया।

नरेश गेहानी को कंपनी गार्डन में बेस्ट फोटोग्राफी के लिए सम्मानित किया गया। शंकर परिहार, एच.आर.अग्रवाल, अन्नू पांडे, लक्ष्मीनारायण थवाईत के मार्गदर्शन में नए साल के अवसर पर कंपनी गार्डन में कैलेंडर वितरण प्रकाश मनहर, डॉ. जीसी मिश्रा, राकेश सोनकर, फहीम मंसूरी, इंद्र सिंह ठाकुर, फिरोज खान के सहयोग से किया गया। कैलेंडर वितरण का हास्य हर्बल योग के अध्यक्ष महेंद्र साहू एवं उनके सदस्यों ने स्वागत किया। इसमें रणधीर सिंह, लक्ष्मीनारायण थवाइत, जसवीर सिंह खनूजा, प्रभात राउत, विजय ठाकुर, अभिषेक साहू ,मनीष श्रीवास, अंबर रजक, रेखा अग्रवाल, रेणुका अग्रवाल, निकिता ठाकुर, प्रेमा पांडे, संगीता श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव , रुक्मणी साहू, पूजा बहरानी आदि मौजूद थे।




## 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। इसके तत्काल बाद सूची पर दावा एवं आपत्तियां लेने का काम शुरू हो गया है जो कि 22 जनवरी तक लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने अपने कक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर इसकी प्रक्रिया से उन्हें अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि दावा एवं आपत्तियां स्वीकार करने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कुछ केन्द्र निर्धारित हैं। दावा, आपत्तियों की नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य साथ-साथ चलेगा। सुनवाई की अंतिम तिथि 14 फरवरी है। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विशाल हिन्दू सम्मेलन आज धर्म-संस्कृति पर होगा मंथन

**सीपत।** पुराना धान मंडी मैदान में रविवार 4 जनवरी को दोपहर 2 बजे विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि निखिल आश्रम बहतराई राष्ट्रीय संत समिति के जिलाध्यक्ष स्वामी वासुदास, विशिष्ट अतिथि हाईकोर्ट की अधिवक्ता पूर्णिमा सिंह रहेंगी। अध्यक्षता सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार करेंगी।

### सोनार समाज का सम्मेलन आज, शामिल होंगे तोखन

**तखतपुर।** सोनार समाज महासम्मेलन एवं प्रथम स्नेह सम्मलेन का आयोजन रविवार 4 जनवरी को किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत सुबह 10 बजे राम जानकी मंदिर से श्रीराम सदन तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। साथ ही अतिविशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष सोनार समाज मनहरण लाल सोनी सहित सुनील सोनी, कमल सोनी, अनिल सोनी, राजू सिंह क्षत्री, अनिल सोनी, आशीष सिंह ठाकुर, हर्षिता पाण्डेय, पूजा मक्कड़, संतोष कौशिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

## निधन

### अमरीका देवी उपाध्याय



**बिलासपुर।** ग्राम बैमा (बिरकोना) निवासी अमरीका देवी उपाध्याय का 3 जनवरी को निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 4 जनवरी रविवार को बैमा में सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे आशुतोष उपाध्याय की माताजी थीं।

### पुष्पा देवांगन



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी पुष्पा देवांगन का 3 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जनवरी को मणिकर्णिका घाट, बनारस में किया जाएगा। वे राजेन्द्र कुमार देवांगन की पत्नी एवं आशीष देवांगन की माता थीं।

### जगदीश सिंह राजपूत



**बिलासपुर।** बिचारपुर लोरमी निवासी जगदीश सिंह राजपूत का 3 जनवरी को निधन हो गया। वे 66 वर्ष के थे। वे शिवकुमारी राजूपूत के पति एवं प्रफुल्ल सिंह, श्रद्धा, मनीषा, मंजूषा, सुषमा राजपूत के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### केशरी पांडेय



**बोदरी।** स्वर्गीय दिलीप पांडे की धर्मपत्नी केशरी पांडेय का 53 साल की उम्र में शनिवार 3 जनवरी को दोपहर 3 बजे निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार ग्राम के स्थानीय मुक्तिधाम में रविवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे शुभम और अमित पांडेय की मां थीं।

### रामावतार कश्यप



**जरहागांव।** बटहा निवासी रामावतार कश्यप का 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे अशोक कश्यप के पिता, जकलहा राम कश्यप के पुत्र व हरेंद्र कश्यप के भाई थे।

### पार्वती गुप्ता



**तखतपुर।** गुप्तापारा निवासी पार्वती गुप्ता का 80 वर्ष की आयु में 3 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोहर गुप्ता, केशव गुप्ता की मां विशु गुप्ता की दादी थीं।

### साहेब दास मानिकपुरी



**बिलासपुर।** तिफरा निवासी साहेब दास मानिकपुरी तिफरा कोटवार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जनवरी को सुबह 9 बजे तिफरा मुक्तिधाम में होगा। वे कमल दास व गुलाब दास के पिता थे।

## अब तक नहीं रोका गया है निर्माण कार्य

# कछार सेंदरी में बायोगैस प्लांट के बगल में अवैध खुदाई, एनजीटी ने नगर निगम से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंडस्ट्रियल बायो गैस प्लांट के लिए की जा रही खुदाई में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी इस मामले में कंपनी और बिलासपुर नगर निगम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है ।

ग्राम कछार सेंदरी बिलासपुर में इनवायरोकेयर इंटरनेशनल छग ' नामक कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट सन 2008 से बिलासपुर, जाजगीर-चांपा, मुंगेली एवं कोरबा क्षेत्र में स्थित सभी शासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थानों से रोजाना निकलने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट एवं कोविड अपशिष्ट का प्रबंधन एवं निपटान का कार्य करते आ रहे हैं। दरअसल बायो मेडिकल अपशिष्ट संक्रामक अपशिष्ट की श्रेणी में आता है, जिससे बीमारी फैलती है। ऐसे अपशिष्टों को तुरंत उपचार करने तैयार करते हुए भस्मीकरण करना



अतिआवश्यक है। ऐसे अपशिष्टों के लिए निपटान का समय 24 घंटे निर्धारित है। इसका निराकरण करने के लिए खाली भूमि की आवश्यकता होती है। अतः केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशानुसार ऐसे सभी बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट को बफर जोन मानते हुए आवासीय एवं अन्य किसी भी प्रकार की फैक्ट्रियों, संस्थानों से 500 मीटर की दूरी निर्धारित की गई है। इसके बाद भी इस कंपनी ने अपना इंडस्ट्रियल बायो गैस प्लांट का कार्य करने के लिए जेसीबी से खुदाई का काम बिल्कुल इनवायरोकेयर फैक्ट्री के बगल से कुछ महीने पूर्व ही प्रारंभ कर दिया है। इसकी जानकारी इनवायरोकेयर प्रबन्धन ने पूर्व में नगर निगम कमिश्नर एवं कलेक्टर कार्यालय को दी है। बिजली विभाग को भी अवगत कराया है ।

चूंकि उक्त कंपनी द्वारा खुदाई अंधाधुंध कराई जा रही है । इससे बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर खतरनाक स्थिति में आ चुका है एवं इसके गिरने की संभावना भी है। इनवायरोकेयर प्रबन्धन के अनुसार शिकायतों के बाद भी सुनवाई ना होने पर कंपनी ने उपरोक्त कृत्य के खिलाफ एनजीटी कोर्ट भोपाल में प्रकरण पंजीबद्ध कराया। इस पर सुनवाई कर एनजीटी ने गत 24 दिसंबर 2025 को नगर निगम बिलासपुर एवं उक्त कंपनी को नोटिस जारी किया है । प्रकरण एनजीटी कोर्ट में विचाराधीन होने के बाद भी स्थल पर निर्माण कार्य रोका नहीं गया है।



## सहायक शिक्षकों के आंदोलन को युकां का समर्थन

**पथरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य के डीएड-डीएलएड अभ्यार्थियों को युवा कांग्रेस की ओर से समर्थन देते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हाईकोर्ट के आदेशानुसार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को अपनाते हुए नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग की गई। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के मार्गदर्शन मे ब्लॉक युवा कांग्रेस ने नारेबाजी करते हुये ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत ने कहा कि, यदि उच्च न्यायालय के आदेशों का तत्काल एवं पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया और डीएड-डीएलएड के योग्य अभ्यर्थियों को बिना विलंब नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करेगी। वही नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि ओंकार यादव ने अनावश्यक विलंब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों मे ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत, नेता प्रतिपक्ष ओंकार यादव, पार्षद दीपक साहू, प्रकाश भार्गव, पूर्व सभापति सम्पत जायसवाल, धर्मेन्द्र श्रीवास,पूर्व एल्डरमेन संतोष पाली, सौरभ शुक्ला, पिलेश्वर वर्मा आदि मौजूद थे।



## 7 सूत्रीय मांगों को लेकर चतुर्थ वर्ग कर्मचारी करेंगे न्याय पदयात्रा

**लोरमी।** छग लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा मुंगेली की ओर से 7 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए 14 जनवरी से 23 जनवरी तक लोरमी से राजधानी रायपुर तक न्याय पदयात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में संघ ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री अरूण साव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ के प्रांतीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष मुंगेली कामता प्रसाद साहू ने बताया कि, 7 सूत्रीय मांगों को लेकर लोरमी से उपमुख्यमंत्री अरूण साव निवास रायपुर तक न्याय पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसमें जिले के समस्त आकस्मिक निधि कर्मचारी, कलेक्टर दर दैनिक वेतन भोगी, दैनिक श्रमिक कर्मचारी अपने परिवार सहित भाग लेंगे। संघ ने मांग की है कि, उपमुख्यमंत्री अरूण साव की अध्यक्षता में संबंधित विभाग प्रमुखों एवं संघ प्रतिनिधि मंडल व कर्मचारियों से चर्चा वार्ता कराकर निराकरण कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान में कार्यकारी अध्यक्ष शिव निषाद, जिला उपाध्यक्ष नत्थू साहू व प्रदीप मरावी जिला सचिव सरवन साहू, जिला महामंत्री एटीआर संयोजक नवल प्रजापति, जिला महामंत्री विरेन्द्र सिंह राजपूत, तहसील अध्यक्ष मुंगेली मोहन यादव, लोरमी लक्ष्मण सिंह मरावी, पथरिया यशवंत बंजारे, जरहागांव रवि भास्कर, लालपुर छैलन रात्रे, कार्यकारिणी सदस्य संतोष बंजारे, भुलाऊ लहरे, बुधवार सिह पेंदों, सरस्वती पात्रे उपस्थित रहे।

■ डिप्टी सीएम साव के नाम कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



## छात्राओं को एसबीआई ने प्रदान की सायकल

**लखराम।** नववर्ष पर भारतीय स्टेट बैंक रतनपुर प्रबंधन की ओर से दस स्कूली छात्राओं को निशुल्क सायकल का वितरण किया गया। नई सायकल पाकर स्कूली बच्चों की चेहरे खिल गए। गौरतलब है कि, भारतीय स्टेट बैंक शाखा रतनपुर की ओर से नववर्ष के मौके पर सीएसआर मद का सदुपयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्र रिंगवार की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत दस स्कूली छात्राओं को निशुल्क सायकल प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने स्कूली बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, भारतीय स्टेट बैंक का यह आयोजन अत्यंत सराहनीय है। बिलासपुर संभाग के उप महाप्रबंधक आलोक रंजन ने बताया कि, ग्रामीण क्षेत्र तथा ग्रामीण परिवेश में निवासरत स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, उसमे एसबीआई अपनी महती भूमिका निभाने सदैव प्रयासरत रहेगी। संकुल समन्वयक जय वैष्णव ने बैंक प्रबंधन आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्रवण मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार संजय सोनी, समाज सेवी नीरज जायसवाल, प्रशांत यादव, पत्रकार अशोक साहू, सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिकाः धर्मजीत

## विधायक ने किया शालेय शिक्षक संघ के कैलेंडर का विमोचन

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कैलेंडर भूत, भविष्य व वर्तमान तीनों एक ही धारा में प्रवाहित करने का उचित माध्यम है। जिला प्रभारी भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ दिनेश राजपूत ने कहा कि, कैलेंडर एक ढांचा प्रदान करता है, जिसके भीतर एक कर्मचारी संगठन की सभी गतिविधियों, समय-सीमाओं और अपेक्षाओं को कुशलतापूर्वक प्रबंधित और क्रियान्वित किया जा सकता है। संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष मनोज पवार तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर कोटा ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत जांगड़े, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा वसीम बेग ने पुष्पगुच्छ



भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। जिला उपाध्यक्ष राकेश डहरे ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित आभार व्यक्त किया। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर संतोष कौशिक, मनोज पवार, विजय जाटवर, शशिकांत जांगड़े, अवनीश तिवारी, आशुतोष सिंह श्रीनेत, राकेश डहरे, जीपी उपाध्याय, शैलेन्द्र उपाध्याय, अजय तिवारी, राजेश तिवारी, नीलिमा पाण्डेय, पूर्णिमा तिवारी, लता राजपूत, लता यादव, कल्याणी यादव, सरस्वती साहू, गणेश शिवहरे, मेलउ राम यादव, रामभुवन यादव, विक्रम ठाकुर, सुनील कौशिक, दिनेश साहू, जेपी मानिकपुरी, नितेश सोनाराजा, रामकृपाल द्विवेदी, संजय राजपूत, रघुनन्दन साहू, रविंद्र भारती, बलराम रजक, कुलदीप बांधले, नितेश पांडेय, सन्नी देवल मरावी, अमरदीप शर्मा, धीकपाल पटेल, झाडू राम ध्रुव, ईश्वर कश्यप, हीरा लाल जांगड़े, लक्ष्मण मरावी, प्रेम लाल जायसवाल, गौरव भट्ट, ओंकार साहू उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम साव कल करेंगे 50 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**सकरी।** नगर निगम के जोन क्रमांक 1 सकरी अंतर्गत लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में 5 जनवरी को सकरी स्थित बचन बाई बाल सुंदर विद्यालय परिसर स्थित मैदान में किया जाएगा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे एं अति विशिष्ट अतिथि के रूप रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी मौजूद रहेंगी। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह सहित नगर निगम के जनप्रतिनिधि, पंचायत के जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होगा। इस मौके पर श्री साव उसलापुर में 26 करोड़ की लागत का 244 बेड कामकाजी महिला हॉस्टल, 2 करोड़ 22 लाख में रजबंधा तालाब सौंदर्यीकरण, 50 लाख की लागत का सकरी पुराना बाजार परिसर में रामसदन शेड निर्माण, 12 करोड़ 9 लाख के सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं 7 करोड़ की लागत के विभिन्न विकासकार्यों का शिलान्यास करेंगे।

## गौवंश का कटा सिर मिलने से हड़कंप, जुर्म दर्ज

**लोरमी।** चिल्फी थाना के अंतर्गत ग्राम भस्करा में गौवंश का कटा हुआ सिर मिलने से हड़कंप मच गया। मामले पुलिस मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना कर रही है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी की सुबह ग्राम भस्करा में ग्रामीणों ने एक घर के सामने गौवंश का कटा हुआ सिर देखा। जिसके बाद यह खबर आग की तरह गांव में फैली, सरपंच एवं ग्रामीणों ने घटना की जानकारी डिंडोरी पुलिस चौकी में दी। इधर हिंदू संगठन भी मौके पर पहुंच गए।

जानकारी मिलने पर लोरमी एसडीओपी हरविंदर सिंह, चिल्फी थाना प्रभारी रघुवीर चंद्र और डिंडोरी चौकी प्रभारी मनक ध्रुव पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल ग्राम भस्करा पहुंचे और ग्रामीणों से पूछताछ की। पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा विभाग की टीम बुलाई गई, पशु चिकित्सकों ने गौ वंश के सिर का पोस्टमार्टम किया जिसमें सिर को धारदार हथियार से काटने की पुष्टि हुई। डॉक्टर के अनुसार गौ वंश की उम्र एक से डेढ़ महीने बताई जा रही है, प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में गौ वंश का सिर 24 घंटे के भीतर ही काटने जैसी प्रतीत हो रहा है। घटना की प्रारंभिक जांच के बाद डिंडोरी पुलिस चौकी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 325 बीएनएस 4,10 छत्तीसगढ़ पशु कृषक अधिनियम 2004 के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओमप्रकाश बघेल ने बताया कि गौवंश का जो सिर कटा हुआ मिला है, उसकी उम्र मात्र एक से डेढ़ माह है। सिर से स्मेल नहीं आ रही थी, इसलिए गौवंश को एक घंटे पहले ही काटा गया है।

### विवेचना जारी

मामले में डिंडोरी पुलिस चौकी में अपराध दर्ज कर लिया गया है, आरोपी अभी अज्ञात है, पुलिस विवेचना जारी है।

**-हरविंदर सिंह,** एसडीओपी

## चक्काजाम करने वालों को भेजा गया जेल

**तखतपुर।** सड़क दुर्घटना के बाद चक्काजाम करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 दिसम्बर को लगभग 11 बजे चालक राजकुमार कुंबलकर जुनापारा समिति से ट्रक में धान भरकर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर 12 बजे बीजा राजीव नगर के पास सड़क दुर्घटना हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीण धनीराम खुंटे पिता छोटू राम खुंटे 60 वर्ष, रमेश कुमार खुंटे पिता स्व छोटूराम खुंटे 50 वर्ष ने सड़क को अवरूद्ध कर ट्रक चालक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 170, 126, 135,3 के तहत जुर्म दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की।





## ब्रह्माकुमारी विवि में ब्रह्मा भोजन

**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सुख-शांति भवन में नववर्ष के आगमन पर ब्रह्मा भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रभारी ममता दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए परमात्मा का सत्य परिचय देते हुए बताया कि, वर्तमान समय वातावरण घोर कलयुगी बन गया है।

चारों ओर हिंसा, घृणा, पापाचार, द्वेष,काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे विकारों का बोलबाला है। मानव इनके वशीभूत होकर अनैतिक एवं भ्रष्ट कर्म कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप स्वयं भी दुखी हो रहे हैं और दूसरों को भी दुखी कर रहे हैं। ऐसे समय में परमात्मा द्वारा दिए गए भारत के प्राचीन राजयोग को सीखकर स्वयं के साथ-साथ दूसरों के जीवन को भी सुखमय बनाना चाहिए। ममता दीदी ने बताया कि, वर्ष 1937 में इस संस्था की स्थापना परमात्मा ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के माध्यम से की थी। आज यह संस्था एक विशाल वटवृक्ष की भांति 145 से अधिक देशों में फैल चुकी है। इस अवसर पर राम गोपाल अग्रवाल, रामविलास अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, शरनजीत भाई, घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े , देवचरण यादव, माधवी यादव, चंचल बहन, कुमुदिनी धीवर, राम प्रसाद साहू, डॉ संध्या, डॉ दीक्षा जांगड़े, अंजूलता गुप्ता, नारद कश्यप राजेन्द्र गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ वर्तमान समय वातावरण घोर कलयुगी बन गया है : बीके ममता

## एसआईआर को लेकर दावा–आपत्ति 22 तक

**मुंगेली।** जिले में गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर जारी है। इसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने अथवा विलोपित किए जाने के संबंध में दावा–आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। 14 फरवरी 2026 तक दावा–आपत्तियों के निराकरण का कार्य किया जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान ऐसे मतदाता जिनको सी कैटेगरी में रखा गया है, उनको अपने उम्र के वर्ग के अनुसार से निर्धारित दस्तावेज की मांग के लिए नोटिस तामिल किया जाएगा। इसके साथ ही साथ जो मतदाता 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं उनसे फॉर्म 6 के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन भी प्राप्त किया जा रहा है। इसके अलावा वे सभी व्यक्ति जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, उनसे भी भावी मतदाताओं के रूप में फार्म 6 भराने की प्रक्रिया की जा रही है।




सेमरसल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल अफसर।

## न्योता भोज में शामिल हुए डीईओ

**लोरमी।** सेमरसल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में गांव के पालक एवं संगीतकार विजेंद्र साहू की ओर से न्योता भोज का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने आयोजन के लिए विजेन्द्र साहू को सम्मानित किया।

इस मौके पर बच्चों को विधिक जागरूकता के सबंध में टीकम चंद्राकर ने सटीक जानकारियां प्रदान की। डीईओ डाहीरे ने बच्चों को न्यूनतम 25 तक पहाड़े, बारहखड़ी का ज्ञान, उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों को परीक्षा की तैयारी करने और आशाजनक परिणाम लाने तथा हतोत्साहित नहीं होने का संदेश दिया। साथ ही पालकों को सहयोगी बनकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग के लिए अपील की। इस मौ पर सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं प्राथमिक शाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुंगेली शिक्षा अधिकारी एलपी डाहीरे, डीएमसी अशोक कश्यप, चीफ डिफेंस टीकम चंद्राकर, द्रोपदी कश्यप, जय डाहीरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार कश्यप, संयोजन उमाशंकर सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष महेत्तर कश्यप, विजय निषाद संरक्षक गोविंद साहू, संयोजक संतोष साहू, दुखवा साहू, विष्णु पाठक, प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप, हितेश कश्यप, हरिशंकर जायसवाल, श्याम देवांगन, रामनारायण, दीपा दुबे, जिला नोडल गौकरण डिंडोले, संकुल समन्वयक रामकुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य सुभाषचंद्र पुष्पा चतुर्वेदी, राकेश पांडेय आदि मौजूद थे।

## आनंद मेला युवा महोत्सव का आयोजन 13 से

**लोरमी।** मुक्ति वेलफेयर सोसायटी की ओर से विवेकानंद जयंती सप्ताह पर हाईस्कूल मैदान में 3 से 15 जनवरी तक आनंद मेला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाषण-कविता प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, क्राओके सॉन्ग गायन प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन तीन दिनों तक चलेगा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ /अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 15.12.2025

ग्राम बिरकोना 1 के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिरकोना 1 प.ह.नं. 47 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1340/4, 1340/27 रकबा 1400 वर्गफीट एकड़ भूमि की फौती नामांतरण/ नामांतरण/ अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती डॉ. उषा शेन्डे आ. स्व. डॉ. नीरज शेन्डे निवासी ओम नर्सिंग होम द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 14.1.2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 15.12.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अन्जु साहू पति श्री संतोष साहू, निवासी–वार्ड क्रमांक–05, यादव नगर, राम मंदिर के पास तिफरा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा तिफरा, प.ह.नं. 40, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, वि.खं. बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 208/3, कुल रकबा 0.0130 हे./क्षेत्रफल 1440 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता–जीवराखन कौशिक पिता स्व. छेदीलाल कौशिक, निवासी– वार्ड नंबर–15, नया मन्नाडोल तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि दे चुकी है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था/ निकाय/ बैंक को वर्णित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो नीचे दिये गये कार्यालयीन पते पर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर आपत्ति सकते हैं, समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार के द्वारा विधिवत अपने नाम पर रजिस्ट्री करा ली जावेगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 01/01/2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**मनोज कुमार तिवारी**
**(अधिवक्ता/नोटरी)**
**कार्यालय पता-जिला न्यायालय**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9098179174**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 27/12/2025

प्रति,
1. आवेदक विनोद दुबे पिता स्व. मानिकलाल दुबे, 2. उत्तम दास बंजारा पिता गौतम दास बंजारा, 3. बबीता बंजारा पति उत्तम दास बंजारा एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/अति.तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./रीडर /2025, दिनांक 24/10/2025

ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर वार्ड क्र. 15 स्थित भूमि खसरा नं. 1395/17, रकबा 2193 वर्गफिट के सीमांकन हेतु आवेदक विनोद दुबे निवासी खपरगंज बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संबंधित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 5-1-2026 को समय दोपहर 1.00 बजे निर्धारित किया गया है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होंवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**सरकंडा, बिलासपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**उपस्थिति की सूचना**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.2024-25
ग्राम सफरीभाठा प.ह.नं. 04
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति, 1. बहोरिक पिता केजाराम 2. गोकुल पिता केजाराम 3. भागवत पिता केजाराम 4. भागबली पिता केजाराम 5. सुमित्रा पुत्री केजाराम 6. नारायण पिता बहोरिक 7. सरजू पिता बहोरिक 8. परदेशी पिता बहोरिक 9. गुडिया पिता बहोरिक 10. भगवती बेवा बहोरिक 11. श्यामलाल पिता गोपी 12. प्रेमलाल पिता गोपी 13. रज्जू पिता बली 14. राजकुमार पिता बली सभी जाति यादव सभी निवासी ग्राम सफरीभांठा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

शंकर बनाम बहोरिक वगै.

एतद् द्वारा ग्राम सफरीभाठा प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शंकर पिता केजाराम जाति यादव निवासी ग्राम कारीडोंगरी तह. लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा ग्राम सफरीभाठा प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 31, 122, 403 रकवा 0.113, 0.129, 0.304 हे. भूमि को आपसी पारिवारिक बंटवारा में प्राप्त होने का हवाला देते हुए उपरोक्त भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में सुधार नही होने के कारण अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है।

उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय नायब तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 07/01/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

अब्दुल मुनाफ अली ...आवेदक
// विरूद्ध //
शबाना परवीन व एक अन्य–अनावेदकगण

प्र.क्र. 1142/2025
पेशी ता. 18.02.2026
आदेश दिनांक 08.12.2025
प्रोसेस क्र. 01/26

समंस

आम जनता (जिनका इससे संबंध हो)
अनावेदक क्र. 02

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 7, 8, 29 संरक्षक एवं प्रतिपल्य अधिनियम 1890 के तहत आवेदक को अवयस्क पुत्र मोहम्मद एहसान के शरीर एवं संपत्ति का संरक्षक नियुक्त करने, के संबंध में प्रकरण क्रमांक 1142/2025 पक्षकार अब्दुल मुनाफ अली विरूद्ध शबाना परवीन व एक अन्य पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 18.02.2026 को नियत है। अनावेदक क्र. 02 आम जनता को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 18.02.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 18.02.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक /12/2025 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक–29/12/2025
स्थान–बिलासपुर

प्रथम अपर जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




वेकैंसी

## फूड एनॉलिस्ट पदों पर भर्ती शुरू पीएचडी, ग्रेजुएट कर सकते हैं आवेदन

**बिलासपुर।** सरकारी नौकरी की तलाश में लगे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से फूड एनालिस्ट भर्ती (11th FAE-2025) के लिए आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। एफएसएसएआई की ओर से भर्ती के लिए फॉर्म भरने की




लास्ट डेट 22 जनवरी निर्धारित है। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर तय तिथियों के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फूड एनालिस्ट पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार का केमिस्ट्री, डेयरी केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, फूड सेफ्टी, एग्रीकल्चर साइंस जैसे 14 विषय में यूजी, पीजी या पीएचडी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इंस्टीट्यूशन ऑफ केमिस्ट्स (इंडिया) से फूड एनालिस्ट सेक्शन की परीक्षा पास होना भी मान्य है। न्यूनतम तीन साल का फूड एनालिसिस का अनुभव जरूरी है।

एप्लीकेशन फॉर्म भरने के साथ अभ्यर्थियों को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के लिए 2500 रुपये जमा करना होगा वहीं प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 5000 रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा। ध्यान रखें कि आवेदन के बाद इसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा और नाम में गड़बड़ी होने पर आवेदन रद्द हो सकता है। ऐसे में अभ्यर्थी ध्यान से फॉर्म को पूरा करें। इस परीक्षा में कोई आरक्षण लागू नहीं है।

### आवेदन करने की प्रक्रिया

परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी स्वयं ही ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स यहां दिया जा रहा है। एफएसएसएआई फूड एनालिस्ट एप्लीकेशन फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।पहले रजिस्टर बटन पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल दर्ज करें और पंजीकरण कर लें।इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें।अंत में निर्धारित शुल्क जमा करें और फॉर्म को सबमिट कर दें।

एग्जाम अपडेट

## सीजीपीएएसी प्री की परीक्षा 9 फरवरी को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन 9 फरवरी को किया जाएगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड एग्जाम से दस दिन पहले जारी किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट पर पर जारी किए जाएंगे। कैंडिडेट्स पोर्टल पर जरूरी डिटेल्स एंटर करके इसे डाउनलोड



कर सकेंगे। यह परीक्षा 9 फरवरी को 33 जिलों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। इसके तहत, पहली शिफ्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं, दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र एग्जाम से दस दिन पहले जारी किए जाएंगे। यह आधिकारिक वेबसाइट पर रिलीज होंगे। आयोग ने जारी सूचना में यह स्पष्ट किया है कि, किसी भी कैंडिडेट को डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए नीचे आसान स्टेप्स दिए जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके परीक्षार्थी आसानी से प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर सकते हैं।

धर्म-क्षेत्र

## विधि-विधान के अनुसार सनातन धर्म में वापसी



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ रेलवे क्षेत्र में सुजाता मानिक गायत्री परिवार एवं वंदे मातरम मित्र मंडल के सानिध्य में अपने धर्म से विमुख होकर दूसरे धर्म में चली गई आभा मिरी एवं परिवार को स्वेच्छा से पुनः सनातन धर्म में पूरे विधि-विधान के अनुसार मंत्रोच्चारण, गायत्री मंत्र, भजन, आरती एवं हवन द्वारा शुद्धिकरण करते हुए सनातन धर्म में प्रवेश कराया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जैन, होम सिंह साहू तथा गायत्री परिवार के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वंदे मातरम मित्र मंडल के जयप्रकाश लाल, राजेश बिसेन, सौरभ दुबे, यतींद्र मिश्र, पृथ्वी सहगल, नवीन दुबे, भगवान शर्मा, महेंद्र पटनायक, महेंद्र सोनी, सुखचंद्र दिवाकर, विनोद सिंह, दिनेश शर्मा, जगदीश साहू, नूतन वर्मा एवं देबोजित पाल उपस्थित थे।

# 'माई कोठी के धान ला हेर हेरा' शहर में गूंजा

पौष मास की पुर्णिमा पर महादान और फसल उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला छेरछेरा पर्व शनिवार को उत्साह से मनाया गया। सुबह से ही बच्चो की टोलियों ने घर-घर जाकर दान मांगा। छेरछेरा, माई कोठी के धान ले हेर हेरा,शहर के ज्यादातर इलाकों में यह बाल मनुहार सुनाई दी।



**बिलासपुर।** छेरछेरा पर धान की जगह रुपए-पैसे और खाने-पीने की दूसरी चीजें देकर दान की परंपरा निभाई गई। लोकपर्व पर गांव ही नहीं शहर का माहौल भी गुलजार रहा। लोगों ने भी खुले हाथों से चावल, दाल के साथ रुपयों और चॉकलेट-बिस्किट जैसी चीजों का दान किया। इस दिन आदि शक्ति मां शाकंभरी की जयंती भी मनाई जाती है। बतादें कि देवी भगवती ने धरती पर भीषण अकाल और खाद्य संकट को दूर करने के लिए शाकंभरी अवतार लिया था। उन्हें वनस्पतियों और पोषण की देवी माना जाता है। छेरछेरा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक नियोजन का हिस्सा भी है। टोलियों द्वारा इकट्ठा किया गया धान और राशि साल भर के सामाजिक कार्यक्रमों, सामुदायिक उत्सवों और जनकल्याणकारी कार्यों में खर्च की जाती है।

### दान का महापर्व



किसान चार महीने की कड़ी मेहनत के बाद जो फसल पाते हैं उसमें से थोड़ा-सा अंश पौष पूर्णिमा के दिन दान करते हैं। डॉ राधे राधे का कहना है कि इस पर्व का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य सामाजिक विषमता को दूर करना है। छेरछेरा के दिन दान से अमीर-गरीब का भेद मिटता है और समाज में समानता की भावना मजबूत होती है। हर घर, हर व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान देता है, जिससे यह छेरछेरा पर्व केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक उत्सव भी बन जाता है । इस पर्व की सबसे खास बात यह है कि इसमें धन की जगह अन्न का दान होता है। जिसमें बच्चे और युवाओं की टोलियां एक अनोखे बोल, बोल कर दान मांगते है। इस दिन घरों में विशेष छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे आइरसा, ठेठरी , खुरमी बोबरा, सोहारी आदि बनाए जाते हैं।

### वृद्धा आश्रम में राशन सामाग्री का वितरण

अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था 3233- सी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार के द्वारा नया साल और माघी पूर्णिमा के उपलक्ष में सेवा कार्य किया गया, जिसके तहत सुवाडी वृद्ध आश्रम जोरापारा में राशन सामग्री का वितरण किया गया। संस्था के इन सब के बीच में नया साल के उपलक्ष में केक काटकर जश्न मनाया गया। आश्रम के बुजुर्गों को फल मिठाई देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया, यह अवसर देखने लायक था, सभी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी, सभी ने अपने अनुभव साझा किया। क्लब के द्वारा 40 किलो गेहूं, चावल, दाल, पोहा ,सोयाबीन बड़ी, आलू प्याज, डिटर्जेंट, और भी जरूरत की चीज आश्रम में वितरित की गई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू ,ज्योति नामदेव का विशेष योगदान रहा,के पी नामदेव, सुखी राम साहू साहू, शिखा साहू ,अधीक्षिका गायत्री तिवारी उपस्थित रहे।



### लायंस क्लब वसुंधरा ने मनाया



लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने अन्न दान महादान को सार्थक करते हुए गोल बाजार स्थित शनि मंदिर एवं काली मंदिर में खिचड़ी का प्रसाद बांटा, लगभग 100 जरूरतमंद लोगों ने खिचड़ी का भोग प्रसाद प्राप्त किया। इसके अलावा शनि मंदिर में ठंड के अवसर पर गरीबों को कंबल का वितरण भी किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा,सचिव अर्चनातिवारी, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार, उषा मुदलियार ने उपस्थित रहे।

### मंगला में माता का पूजन व शोभायात्रा



पार्षद रमेश पटेल ने बताया कि मंगला क्षेत्र में मां शाकंभरी की जयंती पर पटेल समाज के सभी लोगों ने रैली निकाली और माता का पूजन कर प्रसाद वितरण किया। लोगों ने दान मांगकर इस परंपरा को भी निभाया। इस मौके पर मलिकाराम,ओंकार पटेल,रामप्रताप पटेल, आर्यन पटेल, अप्पू पटेल, चंदन पटेल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## नानी बाई का मायरा महोत्सव 9 से, जया किशोरी आएंगी



श्री प्रेम सेवा समिति परिवार द्वारा मिनोचा कॉलोनी में नानी बाई का मायरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री प्रेम सेवा समिति परिवार के तत्वावधान में नानी बाई का मायरा त्रिदिवसीय कथा एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में शनिवार को प्रेसवार्ता आयोजित की गई, पदाधिकारियों ने बताया कि देश की सुप्रसिद्ध कथावाचिका जया किशोरी नानी बाई का मायरा कथा व भजन संध्या का आयोजन करेंगी। यह आयोजन 9 से 11 जनवरी तक मिनोचा कॉलोनी गार्डन के नजदीक ग्राउंड में आयोजित होगा। करीब पौने दो लाख स्क्वेयर फीट मैदान में कथा सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। इस त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन में कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश मिलेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्ति संगीत और संकीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भगवान के नाम में लीन होंगे।



### पहली बार शहर में आगमन

विश्वविख्यात आध्यात्मिक कथावाचक जया किशोरी शहर में प्रथम बार आगमन होने जा रहा है, जिन्हें सुनने बड़ी संख्या में श्रोता यहा पहुंचेगे। इसको लेकर पार्किंग से लेकर बैठक तक की व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया रहा है। आयोजक मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस भक्तिमय कार्यक्रम में दस हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे जिसकी तैयारी की जा रही है।

### इस तरह रहेगी एंट्री



कथा स्थल में प्रवेश के लिए 4 गेट होंगे, एक दो और तीन नंबर के गेट आम लोगों के लिए होगा। चौथे नंबर के गेट में वीवीआईपी लोग प्रवेश करेंगे। वीआईपी लोगों के आने जाने के लिए ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि आम लोगों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा,कथा में आने वालों के वाहन सुरक्षित रखने की व्यवस्था रहेगी। मुख्य सड़क से कथा स्थल तक पहुंचने ई-रिक्शों की भी व्यवस्था होगी। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी रहेगी जो पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। कथा स्थल में साफ सफाई के लिए भंडारा महाराष्ट्र से सफाई कर्मचारी बुलाए गए है।

## प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले ज्यादा समय दें, सुधरेगा रिजल्ट

**बिलासपुर।** बेटे-बेटियों द्वारा छमाही परीक्षा में प्राप्त किए गए अंक को देखते हुए माता-पिता की चिंता बढ़ने लगी है। 10वीं और 12वीं की आगामी दिनों में होने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा से पहले करियर काउंसलर की मदद भी लेने लगे हैं।

साइकोलॉजिस्ट ने बताया कि 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले ज्यादातर विद्यार्थी ऐसे आते हैं, जो बोर्ड परीक्षा से पहले छमाही परीक्षा में कई विषयों में कम अंक अर्जित कर पाए है। जिन विषयों में कम अंक मिले हैं, उन्हें प्री-बोर्ड से पहले पढ़ाई के लिए बनाए गए टाइम टेबल में ज्यादा समय दें।परीक्षा के बाद स्थिति जांचने के बाद आगे किस तरह से तैयारी करनी है, इसके लिए प्लानिंग पर काम करने से रिजल्ट बेहतर किया जा सकता है।

### पढ़ाई के दौरान हर घंटे लें 10 मिनट का ब्रेक

विद्यार्थी अच्छी तैयारी करना चाहते हैं, तो सबसे पहले मोबाइल से दूरी बनाएं। विषयों के सिलेबस पर फोकस करेंगे तो कम समय में भी अच्छी तैयारी की जा सकती है। लगातार पढ़ाई करने की जगह एक घंटे तक पढ़ाई करने के बाद 10 मिनट का ब्रेक लें। इस बीच बेहतर होगा कि दो मिनट ध्यान करें।




### प्रतियोगी की जगह बोर्ड परीक्षा को तवज्जो दें

करियर काउंसलर ने बताया कि परामर्श के लिए आने वाले ज्यादातर विद्यार्थी किसी न किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने की जानकारी देते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को सलाह देते है कि बोर्ड परीक्षा को प्राथमिकता दें। मुख्य परीक्षा ही खराब हो जाएगी तो प्रतियोगी परीक्षा के रिजल्ट करियर के लिहाज से ज्यादा मायने नहीं रखेंगे। बताते हैं कि बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए जिन विषयों में भी कम अंक मिले हैं। उसके क्रम को देखते हुए लर्निंग ऑडिट करें और इसमें कमजोर विषयों को स्टडी के दौरान ज्यादा तवज्जो देने से बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बेहतर होगा।

### जिन विषयों में कम अंक, उन्हें दे ज्यादा समय

एक्सपर्ट ने बताया कि जिन विषयों में कम अंक मिले हैं, ऐसे विषयों को ज्यादा समय देने की सलाह देते हैं। अभी सिर्फ दो महीने ही परीक्षा के लिए बचे हैं। ऐसे में उन्हें प्री-बोर्ड की तैयारी के लिहाज से भी सब्जेक्ट का लर्निंग ऑडिट करना बताते है। इसके आधार पर उन्हें बचे हुए समय के लिए माइक्रो टाइम टेबल बनाना बताते हैं। इसमें सबसे कमजोर विषय को सबसे ज्यादा समय, उसके बाद दूसरे क्रम में उससे बेहतर अंक वाले विषयों को समय देने की सलाह देते हैं। इसके साथ ही माइक्रो टाइम टेबल का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लेकर विद्यार्थी अपने रिजल्ट को बेहतर कर सकते हैं। जितने विषों की तैयारी है, उसे रिविजन का हिस्सा बनाने के लिए भी कहते हैं, ताकि खुद पर भरोसा बढ़े।

स्पोटर्स न्यूज

### सद्भावना मैच में युवा मोर्चा ने युवक कांग्रेस को 43 रनों से हराया

## अमरकंटक इलेवन ने युवान इलेवन को 61 रनों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता बिलासपुर जिला खेल परिसर मैदान में चल रही है। प्रतियोगिता के छठवें दिन दो मैच खेले गए।पहला मैच अमरकंटक इलेवन और युवान इलेवन नागपुर के बीच खेला गया।इस मैच के अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा,रामगोपाल करियारे, डॉ.कमलेश मौर्या, डॉ.आलोक सुल्तानिया, डॉ अभिषेक घाटगे रहे। सभी अतिथियों ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। टॉस जीतकर युवान इलेवन की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमरकंटक इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 130 रन बनाए।



अमरकंटक इलेवन की ओर से बल्लेबाज बंटी ने धमाकेदार पारी खेलते हुए 42 रन बनाए। युवान इलेवन के गेंदबाज राज ऋषि ने सर्वाधिक 2 विकेट अर्जित किए। 131 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युवान इलेवन की टीम मात्र 69 रन बनाकर सिमट गई।इस प्रकार अमरकंटक इलेवन की टीम ने यह मैच 61 रनों से जीत लिया। अमरकंटक इलेवन के गेंदबाज फैज सिद्दीकी ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अर्जित किए उन्हें उनकी इस शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



### युवा मोर्चा ने जीता मैच

पहले बल्लेबाजी करने उतरी युवा मोर्चा की टीम ने सलामी बल्लेबाज पंकज की शानदार 38 रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 10 ओवरों में 75 रन बनाए। 76 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युवक कांग्रेस की टीम 9वें ओवर में 32 रन बनाकर ढेर हो गई।इस प्रकार युवा मोर्चा की टीम ने यह मैच 43 रनों से जीत लिया। युवा मोर्चा के गेंदबाज स्वर्णिम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट अर्जित किए वही दीपक और राहुल ने 2- 2 विकेट अर्जित किए।

## खबर संक्षेप

### पति पत्नी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में दो युवकों ने घर में घुसकर दहशतगर्दी मचाते हुए पति पत्नी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी शारदा जैन पति पराग जैन ने रिपोर्ट लिखाई। 2 जनवरी 2026 को रात 9.30 बजे उनके घर में जबरदस्ती सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू, निधी पथे घुस गए और लेनदेन के विवाद में उनके पति के साथ गाली गलौज कर दहशतगर्दी मचाते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने बीच बचाव किया तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की। उनके पति डायल 112 को फोन करने पर उनके हाथ से मोबाइल छीनकर पटककर तोड़ दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू, निधी पथे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 333, 351,2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** पारिवारिक विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर बड़े भाई के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, केकड़ार निवासी कविता जायसवाल ने रिपोर्ट लिखाई। 1 जनवरी की शाम 5.30 बजे वे अपने पति एश्वर्य जायसवाल और बच्चों के साथ घर में थीं। बगल में उनके जेठ राजेन्द्र जायसवाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। 6 माह पूर्व दोनों भाई के बीच बंटवारा हो गया था। बंटवारे से राजेन्द्र जायसवाल संतुष्ट नहीं थे। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों के बीच रंजिश चल रही थी। इसी बात को लेकर राजेन्द्र जायसवाल उनका बेटा रोहन जायसवाल ने उनके पति एश्वर्य के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने श्रीमती जायसवाल की रिपोर्ट पर हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### विधि संकाय सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने विधि संकाय स्नातक-स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर परीक्षा 12 जनवरी से आयोजित करने जा रही है। यूनिवर्सिटी द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन पश्चात टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार बीएएलएलबी, एलएलबी सेमेस्टर, बीकाम एलएलबी की परीक्षा 12 जनवरी से शुरू होगी।

**आने-जाने में होती है परेशानी** — क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के साथ अन्य लोगों को भी आवागमन की मिलेगी सुविधा

# 32 करोड़ खर्च कर संवारी जाएगी शिवतराई से केंवची के बीच 57 किमी सड़क

**बिलासपुर।** कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर की सड़क काफी खराब हो चुकी है, जहां से वाहन चालकों को अपनी गाड़ियां लेकर चलना भी मुश्किल हो जाता है। इसमें वन विभाग के अफसर भी परेशान रहते हैं। अब शासन ने शिवतराई से केंवची के बीच जर्जर सड़क को सुधारने के लिए 32 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी है, जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के साथ अन्य लोगों को भी आवागमन की सुविधा मिलेगी।




अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया। प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी। धीरे-धीरे सड़कों की हालत जर्जर होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे.हैं। यहां से निकलना भी काफी मुश्किल हो जाता है।

### सड़क बनने में लगेगा समय

एटीआर प्रबंधन के अनुसार कोर जोन को छोड़कर बफर जोन की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग ने कई बार प्रस्ताव मांगा था, लेकिन टाइगर रिजर्व की कमान सेन्ट्रल के पास होती है। इसके कारण उनके प्रस्ताव को एनटीसीए के पास भेजा गया, जहां से केवल मरम्मत कार्य करने की अनुमति मिली थी। इस बार प्रदेश सरकार ने सड़क के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद उसे बनाने में अभी काफी समय लग सकता है।

### शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

40 हजार लोग प्रभावित, एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई

# 30 से अधिक वार्डों में हाहाकार, कई जगहों पर लो प्रेशर और गंदे पानी की भी शिकायत






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट में टैक्निकल फाल्ट आने के कारण जल समस्या गहरा गई है। आधे शहर में पानी के लिए एक तरह से हाहाकार सा मच गया है। 30 से अधिक वार्डों में एक समय की पानी सप्लाई बंद कर दी गई। सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है। एक दो टैंकर वार्डों में जरूर भेजे जा रहे हैं लेकिन इससे कोई राहत नहीं मिल रही। लोगों को नहाने और पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- कुदूदण्ड और गोंड़पारा में गंदा पानी आने की शिकायत भी मिल रही है

तालापारा, विनोबानगर, मगरपारा, दयालबंद, तारबहार से लेकर राजेन्द्र नगर, सरकंडा के कुछ वार्डों में अधिक समस्या है। कुछ वार्डों में तो टैंकर और लारी शाम को पहुंच रहे हैं यहां पानी भरने के लिए लोग इस ठंड में बाल्टी और घमला लेकर कतार में खड़े देखे जा रहे हैं। कुदूदण्ड और गोंड़पारा में गंदा पानी आने की शिकायत भी मिल रही है। बिरकोना स्थित अमृत मिशन के जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के वाल्व चैंबर में खराबी आने के कारण 1 जनवरी से शहर के कई वार्डों में नल से पानी नहीं मिल रहा है। अधिकारियों के मुताबिक वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का वाल्व फट गया है। इसका सुधार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि शहर के 70 वार्डों में 44,281 सामान्य और 5,502 भागीरथी वैध कनेक्शन दर्ज हैं।

वहीं 20 हजार से अधिक अवैध कनेक्शन होने का अनुमान है। अमृत मिशन की सप्लाई बंद रहने के दौरान यही अवैध कनेक्शन बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि इनसे लाइन का दबाव और बढ़ गया है। दरअसल फिलहाल पुराने सिस्टम यानी बंद किए गए ट्यूबवेलों को फिर से चालू कर पहले इन टंकियों को भरा जा रहा है। इसी तरह अरपा के इस पार 16 पानी टंकियों से लगभग 30 हजार घरों में अमृत मिशन लाइन से व्यापार विहार, दयालबंद पीजीबीटी कॉलेज, तारबाहर, मगरपारा, तालापारा, भारतीय नगर सहित अन्य क्षेत्रों में सप्लाई होती है। अब यहां पानी का संकट गहरा गया है और यहां टैंकरों से सप्लाई करनी पड़ रही है।

### लो प्रेशर और गंदे पानी ने बढ़ाई परेशानी

ध्यान रहे कि अभी निगम क्षेत्र में 1,144 पावर पंप हैं, जिनमें से 982 पंप घरों तक सीधे पानी पहुंचाते हैं लेकिन अमृत मिशन लाइन बंद होने पर निगम को सभी पावर पंप चलाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा अमृत मिशन शुरू होने के बाद बंद किए गए 66 ट्यूबवेल फिर से चालू किए गए ताकि किसी तरह सप्लाई को संभाला जा सके। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारी अनुपम तिवारी के मुताबिक पंप चालू किए गए हैं और टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। ज्ञात हो कि 40 हजार घरों को रोजाना 42 एमएलडी पानी सप्लाई होती है। मरम्मत के दौरान यह घटकर 30 एमएलडी रह गया है। इसी कारण कि नागरिकों को सिर्फ सुबह के समय पानी मिल रहा है वह भी कम दबाव में। कई क्षेत्रों में लो प्रेशर और कुछ जगहों पर पानी बिल्कुल नहीं आ रहा है। जिन इलाकों में पाइपलाइन में लीकेज है या जहां बड़े पैमाने पर अवैध कनेक्शन हैं, वहां समस्या और बढ़ गई है।

### 40 हजार से अधिक घरों में पहुंचता है पानी

गौरतलब है कि अमृत मिशन योजना के तहत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई होती है। शहर के लगभग 40 हजार घरों में यह पानी पहुंचता है। फिलहाल नगर निगम द्वारा पहले की तरह ही ट्यूबवेल से टंकियों को भरा जाएगा, उसके बाद घरों को पानी सप्लाई की जा रही है। इसके लिए शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। अधिकारियों के मुताबिक इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है।

### तेजी से किया जा रहा है काम

ट्रीटमें प्लांट के सेटलर टैंक के वाल्व में खराबी आ गई है। इसे ठीक करने के लिए पहले कांक्रीट तोड़कर नया वाल्व लगाते हुए फिर से कांक्रीट करनी पड़ी है। इस पूरी प्रक्रिया में कुछ दिन लग सकते हैं। काम तेजी से किया जा रहा है। इसलिए कुछ वार्डों में सुबह के समय ही पानी की सप्लाई हो रही है।

- **प्रकाश कुमार** सर्वे, निगम आयुक्त

# दोगुनी रकम कमाने का झांसा देकर 1 करोड़ 31 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोगुनी रकम कमाने का झांसा देकर शहर के एक व्यक्ति से 1 करोड़ 31 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी कुलवीर सिंह भट्टी हैवंस कंपनी में काम करते थे। उसके बाद उन्होंने कंपनी की नौकरी छोड़ दी। मई 2025 में उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से लिंक आया। उन्होंने लिंक सर्च किया तो मैसेज आया। उन्हें पैसा लगाने पर दोगुना कमाने की बात कही गई। उनकी बातों में आकर उन्होंने पैसा जमा करना शुरू कर दिया। मोबाइलधारकों के द्वारा कई तरह के झांसे देकर उन्हें पैसा जमा करने कहा गया। उन्होंने अपने घर के जेवर व रिश्तेदारों से उधार में रकम लेकर जमा कर दिया। विगत 8 माह में उन्होंने 1 करोड़ 31 लाख रुपए जमा किया है। उनके द्वारा दोगुनी राशि मांगने पर उन्हें 85 हजार रुपए और डालने पर रकम देने की बात कहकर घुमाया गया। उसके बाद मोबाइल बंद कर दिया गया है।

यह बात उन्होंने अपने घरवालों व रिश्तेदारों को बताई, तब उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी दी गई। उसके बाद श्री भट्टी रिपोर्ट लिखाने थाने आए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 66 घ, 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### झांसा देकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पीएम आवास योजना में पैसा दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से सोने चांदी के जेवर, नकद रकम जब्त किया गया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पीएम आवास योजना की राशि स्वीकृत कराने का झांसा देकर पीड़ितों से अमानत के रूप में नकद रकम व सोने चांदी के जेवर लेकर धोखाधड़ी करने की लगातार शिकायतें हो रही थीं। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया, जिसमें दो युवक पैशन प्रो बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 9201 से आते जाते दिखाई दे रहे थे। फुटेज के आधार पर दीनदयाल कालोनी क्षेत्र से रामप्रसाद यादव उर्फ छन्ना पिता अंजोरीलाल यादव 65 साल पोंड़ी, जितेन्द्र यादव पिता स्व. अजीत यादव 38 साल ढनढन तखतपुर, कन्हैया सोनी पिता पुरूषोत्तम सोनी 45 साल सोनी मोहल्ला को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर तीनों ने ठगी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से दो बाइक, 4 हजार 500, सोनी चांदी के जेवर सहित 3 लाख 10 हजार का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान


डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

# पिकअप पलटने से 15 से अधिक लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पामगढ़ के जेवरा से तुरतुरिया जा रहा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था, जिसमें 15 से अधिक लोगों को चोटें आई। इसमें से 2 लोगों को गंभीर चोट आई है, जबकि 1 व्यक्ति के दोनों हाथ काटने पड़े हैं। फिलहाल सभी का इलाज सिम्स में जारी है।

- सिम्स में चल रहा है इलाज

पामगढ़ के जेवरा गांव में भीषण सड़क दुर्घटना में 15 लोगों को चोटें आई हैं। हादसा उस समय हुआ जब पिकअप चालक जेवरा से तुरतुरिया में लगे मेले के लिए जा रहा था। इस पिकअप में 15 से 20 लोग सवार थे। ओवर लोड होने के कारण पिकप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। हादसा जेवरा से 2 किमी दूर सड़क के पास हुआ, सुबह 7.30 बजे हुए हादसे के बाद करीब 15 लोगों को तत्काल सिम्स लाया गया, वहीं 4 लोगों का इलाज पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।



सिम्स लाए गए 15 लोगों में से 3 लोगों को तत्काल छुट्टी दे दी गई, लेकिन 11 लोगों को भर्ती किया गया है। जहां इलाज जारी है।

### इन लोगों को किया गया है भर्ती

हादसे में रागिनी 35 वर्ष,राधा 35 वर्ष, उमा कश्यप 14 वर्ष, समर 13 वर्ष, प्रताप 15, समीर 15 वर्ष, सुमित्रा 27 वर्ष, छतू वर्मा 35 वर्ष, रामेश्वरी 24 वर्ष, सालिता 30 वर्ष, खलेश्वर 12 वर्ष और दीपक 15 वर्ष का सिम्स में इलाज किया जा रहा है। इन मरीजों में प्रताप को सर्वाधिक चोट आई है, दोनों के हाथ पूरी तरह से खराब हो चुके है, जिसके चलते उसे रायपुर रिफर किया गया है। वहीं रामेश्वरी के सिर में गंभीर चोट पहुंची है।

### सभी का किया जा रहा है इलाज

सुबह ही मरीजों को लाया गया था, इसमें से प्राथमिक इलाज के बाद अब तक 7 लोगों को हमने घर जाने की सलाह दे दी है, बाकी का इलाज किया जा रहा है।

-**डा लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

# शराब व नशा कर अशांति फैलाने वाले 19 पकड़े गए

**बिलासपुर।** पुलिस ने सिरगिट्टी क्षेत्र में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों में शराब व नशा कर अंशाति फैलाने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

3 जनवरी को सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बल के साथ क्षेत्र में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों में बैठकर शराब व अन्य नशा कर अशांति फैलाने वालों की धरपकड़ की गई। इस दौरान नशाखोरी करने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि पुलिस लगातार नशाखोरी व गुण्डागर्दीकर अशांती फैलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### छठघाट में बन रहा प्रयास आवासीय विद्यालय

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शनिवार को निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे के साथ शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाट में निर्माणाधीन प्रयास आवासीय विद्यालय के शेष कार्यों को 20 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

विदित है कि छठघाट में 300 सीटर प्रयास आवासीय विद्यालय का फिनिशिंग कार्य जारी है,जिसे नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल पूरे निर्माण और योजना की विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए किचन, डायनिंग एरिया और बच्चों के क्लास तथा आवास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर और कमिश्नर ने अशोक नगर से बिरकोना तक और मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाले सड़क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मधुबन में नगर निगम द्वारा एजुकेशन हब भी बनाया जा रहा है जिसके निर्माण स्थल का भी जायजा लिया गया। इसके बाद पीएम ई बस सेवा योजना के तहत सिटी बस डिपो में निर्माणाधीन सिटी बस टर्मिनल का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया और कार्य की गति को तेज करते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। पीएम ई बस सेवा में बिलासपुर को 50 ई बस की सौगात मिलने वाली है जिसके लिए आवश्यक सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## जिला मुख्यालय में पदस्थ एसडीओपी मयंक बने एडीशनल एसपी

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय में पदस्थ एसडीओपी मयंक तिवारी को एडीशनल एसपी के पद पर पदोन्नत किया गया है। श्री तिवारी फिलहाल जिला मुख्यालय में ही अपनी सेवाएं देंगे। गृह विभाग द्वारा



राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थ 16 डीएसपी को पदोन्नत किया गया, जिसमें नगर के डीएसपी मयंक तिवारी का नाम भी शामिल है। अपनी नई जिम्मेदारी को लेकर उन्होंने कहा कि, यह पद केवल सम्मान नहीं, सेवा और जवाबदेही को और बेहतर ढंग से निभाने का अवसर है। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस और आम नागरिकों के बीच सतत संवाद के रूप में पहल कार्यक्रम जरूरी है। पहल कार्यक्रम के चलते आम नागरिकों का पुलिस में विश्वास बढ़ा है, और विश्वास से व्यवस्था मजबूत होती है।

## शुभम बने छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**मरवाही।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में प्रदेश नेतृत्व द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जीपीएम जिले के युवा आदिवासी नेता शुभम पेन्द्रो को छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव की ओर से जारी की गई है। इस मौके पर शुभम पेन्द्रो ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी युवाओं, महिलाओं एवं समाज के सभी वर्गों को कांग्रेस पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।

## बीईओ पाटले की मौजूदगी में दिया गया एफएलएन प्रशिक्षण



**लोरमी।** प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों को चरणवार तीन जोन में एफएलएन प्रशिक्षण आत्मानंद स्कूल सारधा में दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 चरणों में संपन्न होना है। इसके तहत 742 शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अभी तक 495 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। तृतीय चरण का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले रहीं, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीईओ सुनील शर्मा एवं विकासखंड श्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे मौजूद रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने शिक्षकों से सीधे संवाद कर नवीन पाठ्य पुस्तक की विशेषताओं और शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी मिल्लू राम यादव, मास्टर ट्रेनर रामायण राजपूत, अन्नपूर्णा परिहार, शारदा ताम्रकार, विनोद कुर्रे, जितेंद्र वैष्णव, सवेंद्र खांडेकर, लाल सिंह राठौर, राजेंद्र धृतलहरे, परमेश्वर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने फूंका भूपेश का पुतला



**लोरमी।** नगर के मुंगेली चौक पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के खिलाफ के अशोभनीय टीप्पणी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। शनिवार सुबह 10:30 बजे भाजपा के नेताओं ने मुंगेली चौक पर एकत्र होकर भूपेश बघेल का पुतला फूंका। इस अवसर पर विनय साहू, विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, धनीराम यादव, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, महाजन जायसल,,मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू , दिनेश कश्यप, दिनेश साहू, विश्वास दुबे, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकास केशरवानी, घंशु राजपूत, महेंद्र खत्री, नरेन्द्र खत्री, अशोक साहु, रिक्की सलूजा, आलोक शिवहरे, सोहन डड़सेना, माधव तिवारी, घनश्याम यादव, छेदु यादव, मुकेश जायसवाल, देवेंद्र केशरवानी, पवन गुप्ता, हरिकिशन खत्री, खडानन कश्यप, संदीप सोनी, हितेश सपरिया, दुष्यंत खत्री, विनोद राजपूत, लक्ष्मी गुप्ता, मुकुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में भजपाई उपस्थित रहे।

### अंचल में धूमधाम से मनाया गया प्रदेश का पारंपरिक लोकपर्व

# गांव से लेकर शहरों तक दिखी छेरछेरा की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रदेश का पारंपरिक लोक पर्व किसानों का त्यौहार छेरछेरा अंचल के गांवों में धूम–धाम से मनाया गया। छेरछेरा अपनी सांस्कृतिक जडों को मजबूती से थामे हुए है। इस मौके पर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में युवाओं और बच्चों की टोली घर–घर जाकर दान मांगा।

किसानों की पारंपरिक त्यौहार छेरछेरा अंचल के गांवों में धूम-धाम से मनाया गया। छेरछेरा त्यौहार कुछ असर शहरों मे भी देखने को मिला, त्यौहार को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रौनक देखने को मिली। बाजार में इस पर्व के लिए खरीददारी को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण आते जाते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में छेरछेरा की गूंज सुबह से ही शुरू हो गई एवं बच्चे व युवा थैला लेकर परंपरानुसार घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। विशेषकर बच्चों के नारों से गलियां पूरी तरह गुंजायमान रहीं। पौष पूर्णिमा को मनाए जाने वाले त्यौहार को क्षेत्र में विशेष महत्व देकर मनाया जाता है, इस दिन छेरछेरा मांगने वाले बेहिचक घर–घर जाकर मांगते हैं। वहीं हर-घर से निस्वार्थ अन्न दान के रूप में धान दिया जाता हैं। जनवरी माह में किसान अपनी धान की उपज कटाई–मिंजाई कर घर ले आते हैं, इस दिन किसान अपने कोठियों पर रखे धान का कुछ हिस्सा दान करने के लिए बाहर निकालते हैं। मान्यता है कि, धान की नई फसल का कुछ हिस्सा दान करने पर किसानों के लिए अगले वर्ष की खेती में खुशहाली आती हैं।



छेरछेरा मांगते बच्चे।

## गांव की गलियों में निकली बच्चों की टोली

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ का लोकपर्व छेरछेरा सांस्कृतिक धरोहर को संजोए शहर-गांव, गली-मोहल्ले में छोटे बच्चों से लेकर पुरुष व महिलाओं ने टोलियों में संगीत के साथ हुए घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। पारंपरिक ढोल, मंजीरा और ताशा के साथ अब डीजे, स्पीकर और मोबाइल म्यूजिक सिस्टम भी जुड़ गए हैं।

लोकगीतों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक गीतों की धुनों पर बच्चे और युवा नाचते-गाते नजर आए। टोलियां जब 'छेरछेरा माई, कोठी के धान ला हेरहेरा' जैसे पारंपरिक बोलों को म्यूजिक के साथ प्रस्तुत कर रही थीं, तो रास्ते में खड़े लोग भी उत्साह से जुड़ते नजर आए। कई स्थानों पर लोग अपने घरों से बाहर निकलकर इस अनोखे अंदाज का आनंद लेते दिखे और दान भी बढ़-चढ़कर दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साधनों के उपयोग से परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने में मदद मिल रही है। युवाओं में लोकसंस्कृति के प्रति रुचि बढ़ रही है, और छेरछेरा पर्व एक बार फिर सामाजिक सहभागिता का उत्सव बनता जा रहा है।



## विधायक के घर पहुंची युवाओं की टोली



**बोदरी।** छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा छेरछेरा पर्व के अवसर पर यातायात नगर वार्ड क्रमांक 9 परसदा के युवाओं ने उत्साहपूर्वक घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। इस दौरान क्षेत्र में पारंपरिक संस्कृति और आपसी भाईचारे का सुंदर दृश्य देखने को मिला। क्रम में युवाओं की टोली बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास पर भी छेरछेरा मांगने पहुंचे। इस अवसर पर विधायक के पुत्र एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री डॉ देवेंद्र कौशिक ने युवाओं का स्वागत करते हुए उन्हें छेरछेरा प्रदान किया एवं पर्व की शुभकामनाएं दीं। डॉ देवेंद्र कौशिक ने कहा कि, छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रतीक है, जो समाज में एकता, सहयोग और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। युवाओं की यह पहल सराहनीय है, जिससे हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं।

## लोकगीतों के साथ पारंपरिक वेशभूषा में दिखे युवा

**सीपत।** सीपत अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा का प्रतीक छेरछेरा लोकपर्व पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गांवों में उत्सव का माहौल बन गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी वर्गों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

परंपरा के अनुसार ग्रामीणों ने वाद्ययंत्रों की मधुर धुन के साथ डंडा नृत्य करते हुए घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। ढोल, मांदर और झांझ की थाप पर नाचते गाते युवक-युवतियों की टोलियों ने पूरे गांव को उत्सवमय बना दिया। बच्चों ने पारंपरिक गीतों के साथ इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। छेरछेरा पर्व आपसी भाईचारे, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अन्न, चावल और अन्य सामग्री दान कर परंपरा का निर्वहन किया। लोगों का कहना है कि, यह पर्व न केवल नई फसल के स्वागत का प्रतीक है, बल्कि समाज में आपसी मेल-जोल और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का माध्यम भी है। पूरे दिन गांवों में लोकगीतों की गूंज, पारंपरिक वेशभूषा और उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।



### लोगों ने किया अन्न दान

**धरमपुरा।** अन्नदान और लोक परंपरा का प्रतीक छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध लोकपर्व छेरछेरा शनिवार को पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पौष पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे टोलियों में घर-घर जाकर 'छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेरा' का उद्घोष करते नजर आए। इस अवसर पर लोगों ने धान, चावल, चॉकलेट, बिस्किट अन्य सामग्री प्रदान कर पर्व को मनाया। मान्यता है कि, छेरछेरा पर्व पर दान देने से घर में सुख-समृद्धि एवं अन्न भंडार सदैव भरा रहता है। ग्रामीण अंचलों में छोटे छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### बच्चों में दिखा उत्साह



**पथरिया।** नगर सहित क्षेत्र में शनिवार को छेरछेरा लोकपर्व की धूम दिखी। छेरछेरा पर्व को लेकर अंचल मे खासा उत्साह देखा गया एवं नगर के गली-मोहल्लों में बच्चे सुबह से घर-घर जाकर अन्न की मांग करते देखे गए। खासकर ग्रामीण अंचलों में बच्चों की टोलियां उत्साह के साथ छेरछेरा पर्व को मनाते हुए घर-घर अन्न लेने पंहुचे। छेरछेरा पर्व में बच्चों की टोलियां 'छेरछेरा कोठी के धान ला हेरहेरा' का नारा लगाकर घर-घर जाकर चावल इकट्ठा करते हैं, फिर शाम को इसी चावल से पिकनिक मनाते हैं। छेरछेरा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहता है, यह छत्तीसगढ़ की परंपरा का एक रूप है। यह पर्व पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

## बच्चों को दिए गए चाकलेट पैसे व अन्य उपहार



**मल्हार।** समृद्ध दानशीलता-महादान की गौरवशाली परंपरा पूस पूर्णिमा का छेरछेरा तिहार अंचल में उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष धान की फसल अच्छी हुई है, इसलिए किसानों ने धान का दान दिया, वहीं कुछ लोगों ने बच्चों को चॉकलेट, पैसे व अन्य सामान देकर त्योहार मनाया। महादान और फसल उत्सव के रूप त्यौहार मनाया जाने वाला छेरछेरा तिहार छत्तीसगढ़ के सामाजिक समरसता, समृद्ध दानशीलता की गौरवशाली परंपरा का संवाहक है। इस दिन 'छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरहेरा' बोलते हुए गांव के बच्चे, युवा और महिलाएं खलिहानों और घरों में जाकर धान भेंट स्वरूप प्राप्त पैसे इकट्ठा करते हैं और इकट्ठा किए गए धान और राशि से वर्षभर के लिए कार्यक्रम बनाते हैं। शनिवार को सुबह से ही बच्चों की टोलियों ने घरों में दस्तक दे दिया, जिसके बाद बड़े बुजुर्गों ने भी डंडा नाच करते हुए घरों में जाकर दान मांगा।

## डीएवी जरेली का वार्षिक खेल सांस्कृतिक महोत्सव संपन्न



**पथरिया।** पथरिया की डीएवी पब्लिक स्कूल जरेली में इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताओं का भव्य रूप से आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, खोखो, शतरंज, बैडमिंटन 100 मी, 200 मी और 400 मी रिले रेस जैसे विभिन्न खेलों में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर अपना जौहर दिखाया।

कार्यक्रम में अतिथिके रूप में जिला पंचायत सदस्य सभापति अनिला देवेन्द्र राजपूत, जनपद पंचायत सदस्य, नगर पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ पत्रकार एवं पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य गौरव सिंह राजपूत की अध्यक्षता में छात्रों ने मशाल जलाकर व मार्च पास्ट के साथ किया। प्रतियोगिता में एल केजी से दूसरी री जूनियर तथा तीसरी से 12वीं तक अलग-अलग खेलों में दयानंद हाउस, अरविंदो हाउस, विवेकानंद हाउस और श्रद्धानंद हाउस के छात्र छात्राओं के बीच शानदार प्रतिस्पर्धा हुई। प्राचार्य ने विजेताओं को खेल भावना एवं खेलों के महत्व के बारे जानकारी दी। साथ ही उपविजेताओ को निराश न होने और आगे कड़ी मेहनत कर सफल होने के लिए मोटिवेट किया। इस तीन दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक पुरेंद्र सिंह राजपूत, उमेश साहू, जयप्रकाश, राजेश कुमार, भगवानदास पटेल, भुनेश्वर कुमार, गुलशन सिंगरौल, उर्वशी साहू, आशुतोष पाण्डे, गैंदराम साहू, प्रियंका एंथनी, गीता प्रसाद जायसवाल, यामिनी मरकाम, संजना, ओमकुमारी श्रीवास, अरमान खंडेलवाल, अमितेश दुबे, गार्ड अश्वनी निर्मलकर, दीपक बघेल व आया रमा निर्मलकर ने विशेष सहयोग दिया।

## मरार पटेल समाज ने निकाली आराध्य देवी शाकंभरी की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी/मुंगेली

ग्राम में मरार पटेल समाज की आराध्य देवी मां शाकंभरी देवी की जयंती छेरछेरा पौष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवरी में पटेल समाज के द्वारा मां शाकंभरी की भव्य झांकी पटेल भवन से निकाली गई।

मां शाकंभरी जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक एवं पूर्व केबिनेट खाद्यमंत्री पुन्नूलाल मोहले, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य उमाशंकर साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जनपद सदस्य भुवन पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत देवरी श्रीमती आशा नीलम पटेल, उपसरपंच प्रभु जीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम समिति अध्यक्ष उत्तम पटेल ने की। इस दैरान भक्ति की शक्ति जगराता ग्राम बुंदेली ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। नवयुवक समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, उपाध्यक्ष रामानंद पटेल, शैलेंद्र पटेल, चन्द्रसेन पटेल, सोहन पटेल, अनिल पटेल, बेदराम पटेल, सोमेश पटेल, तरुण पटेल, रविंद्र पटेल, सनत पटेल, विनोद पटेल, वीरेंद्र पटेल, चंद्रेश पटेल, धर्मेश पटेल, पुनीत पटेल, दीपक पटेल, जोगु पटेल, विमल पटेल, गंगाराम पटेल, बसन्त पटेल मीडिया प्रभारी तीजे पटेल एवं समस्त पटेल समाज कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे।



## समर्थकों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया मोहले का जन्मदिन



**धरमपुरा।** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले का जन्मदिन शुक्रवार को गिरौदपुरी धाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने एकत्र होकर विधायक मोहसले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पुन्नूलाल मोहले ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, आप लोगों से मिले भरपूर प्यार एवं स्नेह के लिए मैं सदैव हृदय से आभारी रहूंगा, और जनता के सहयोग से निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते रहूंगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद लखनलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद सभापति पवन पाण्डेय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजा घृतलहरे, तरुण पाटले, गोविंद मोहले, लोहड़िया सरपंच प्रतिनिधि शंभू कश्यप, राकेश साहू, गिरधर घृतलहरे, प्रीतम कोशले, मेवाराम कश्यप, तुकाराम साहू, बजरंग राजपूत, अजय गोस्वामी, रिखीराम साहू सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले, ज्ञान गेंदले, श्रीकांत कश्यप, संतोष खांडे, राजकुमार सोनवानी आदि मौजूद रहे एवं विधायक का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया।

## जनता के आशीर्वाद से भाजपा के सिपाही के रूप में कर रहा कार्य



**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने जरहागांव भाजपा मंडल मंडल अध्यक्ष बंटी नागेश्वर जायसवाल के साथ विधायक पुन्नूलाल मोहले के समर्थकों की टोली गिरौदपुरी धाम रवाना हुई, जहां इनका स्वागत कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक पुन्नू लाल मोहले ने बाबा गुरुघासी दास की पूजा-अर्चना कर जैतखाम पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सांसद लखन लाल साहू, नरेश पटेल एवं समर्थकों ने भी पूजा-अर्चना कर उनकी मंगल कामना की। इस दौरान विधायक मोहले ने कहा कि, आप सभी सदैव मेरे जन्मदिवस को खास बनाने के साथ कुशल जीवन की कामना करते हैं, जिनके कारण अपराजित भाजपा के सिपाही के रूप में वर्षों से जनता को सेवा के लिए कुशल हूं। इस दौरान बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने विधायक का स्वागत कर उनकी दीर्घायु की कामना की इस अवसर पर राम कुमार पटेल, पवन पटेल, रामधार साहू, श्याम सुंदर धुरी, संजय निर्मलकर, हीरा पटेल, बंटी सेमरिया, सनोज धुरी, भगेला, राजा पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## कंगारू इलेवन स्टार सरसेनी क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बनी बेलटुकरी

**मल्हार।** कंगारू इलेवन स्टार सरसेनी के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेलटुकरी एवं सरसेनी के बीच खेला गया, जिसमें बेलटुकरी टीम ने जीत हासिल की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेलटुकरी टीम ने 10 ओवर में 149 रन बनाए, जिसके जवाब में सरसेनी की टीम महज 106 रन पर ही सिमट गई। प्रतियोगिता की विजेता बेलटुकरी को जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे की ओर से 10 हजार नकद एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सरसेनी टीम को पंचायत की ओर से 5 हजार नकद व शील्ड तथा तृतीय स्थान पर रहने वाली सरवानी टीम को 3 हजार नकद व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि, खेल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। इस मौके पर ग्राम सरपंच नारायण सोलडे, उपसरपंच राधेश्याम निषाद, कमलेश कुम्हार, विश्वनाथ निराला, जितेंद्र थवाईत, रामायण भानु, सेवाराम निषाद, अशोक, प्रभु, किरण, दिलीप, आकाश बर्मन, प्रभुराज, मदन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।



### ग्राम खैरी कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**पथरिया।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरी जगताकापा में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 6 जनवरी तक आयोजित होगी। जिसमें राज्य भर से चयनित बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता काप्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। आयोजन समिति का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल को बढ़ावा देना तथा युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। उक्त जानकारी खेल प्रभारी अशोक यादव ने दी।